कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

नगर पालिक निगम, नवीन मुख्यालय भवन, गांधी चौक रायपुर छ.ग. फोन नं. 0771–222051, फैक्सः 0771–22273395.nulm.rmc@gmail.com

::निविदा आमंत्रण सूचना::

क्रमांक 2746/डे–एनयूएलएम/ 2023 रायपुर दिनांक 10/03/2023

नगर निगम रायपुर द्वारा निर्माता/अधिकृत विक्रेता से निम्नांकित कार्यो हेतु सीलबंद निविदायें तीन लिफाफा पद्धति में दिनांक 10/04/2023 शाम 4.00 बजे तक स्पीड पोस्ट/रजिस्टर डाक के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। इस कार्य हेतु दिनांक 31/03/2023 तक आवेदन प्रस्तुत करते हुए निर्धारित निविदा प्रपत्र की राशि जमा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकेगा। दिनांक 03/04/2023 तक निविदा प्रपत्र जारी होंगे। प्राप्त निविदाएं दिनांक 10/04/2023 को सांय 05.00 बजे खोली जा सकेगी।

क्र.	कार्य का नाम	प्राक्कलन राशि (लाख में)	अमानत राशि(रूपये)	निविदा प्रपत्र का मूल्य(रूपये)	कार्य की अवधि	एस.ओ. आर नॉन एस.ओ. आर
1	नगर निगम रायपुर के जोन क्रमांक 1,2,5,7,9 एवं 10 में स्थित गोठानों में आजीविका मूलक कार्य अंतर्गत पेपर प्लेट मेकिंग मशीन (दोना पत्तल मशीन), दाल मिनी मशीन ,पापड मिनी मशीन, तेल पिराई मशीन प्रदाय बाबत्	20.00	20000	750	30 दिवस	नॉन एस. ओ.आर

शर्तेः–

1. निविदा के दस्तावेज रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा।
2. कार्य से संबंधित अन्य जानकारी एवं शर्ते कार्यालयीन दिवस में नगर पालिक निगम रायपुर से प्राप्त की जा सकती है।

प्रभारी अधिकारी
दीनदयाल अंत्योदय योजना
राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन
नगर पालिक निगम
रायपुर (छ.ग.)

निविदा की शर्ते :—

1. निविदाकार अधिकृत निर्माता /विक्रेता होना चाहिए।
2. अधिकृत विक्रेता होने की स्थिति में अधिकृत निर्माता से प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।
3. प्रदायकर्ता को सभी मशीनो हेतु निगम के कर्मचारियों को सात दिवस का निःशुल्क ट्रेनिंग दिया जाना होगा।
4. एक वर्ष की वारंटी सभी मशीनों में दिया जाना होगा। इस संबंध में सफल निविदाकार को वारंटी प्रमाण पत्र जमा करना होगा।
5. निगम या निगम द्वारा अधिकृत एजेंसी द्वारा प्रदायकर्ता द्वारा दी गई सामाग्री का परीक्षण डिलवरी से पूर्व किया जावेगा।
6. निविदाकर के पास विगत तीन वर्षो में निविदा अंतर्गत वर्णित सामाग्रियों के प्रदाय का अनुभव होना अनिवार्य है। इस संबंध मं निविदाकार को विगत तीन वर्षो में किसी भी शासकीय/अर्धशासकीय/पब्लिक सेक्टर आदि का कार्यानुभव प्रमाण पत्र या कार्यादेश या अनुबंध की प्रति निविदा दस्तावेज के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।
7. निविदाकार को निम्नानुसार दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य हैः—
    1. सी.जी.जी.एस.टी. का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र
    2. कंपनी का विगत तीन वर्षो का आयकर प्रमाण पत्र
    3. पेनकार्ड की छायाप्रति
    4. सी.ए.से अनुमोदित टर्नओवर प्रमाण पत्र
8. सशर्त निविदा स्वीकार नही किया जावेगा
9. निविदा के संबंध में आयुक्त , नगर पालिक निगम, रायपुर का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
10. आवश्यकतानुसार मशीनों की संख्या में वृद्धि एवं कमी किया जा सकता है। अतः ठेकेदार को निविदा के साथ कमी एवं वृद्धि की स्थिति में निविदा में प्रदाय दर अनुसार ही आगामी 6 माह तक मशीन प्रदाय करने का शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

प्रभारी अधिकारी
दीनदयाल अंत्योदय योजना
राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन
नगर पालिक निगम